एकेटीयू : स्टार्टअप और कौशल विकास का केंद्र बनेगा नोएडा कैंपस

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। एकेटीयू अपने नोएडा कैंपस को कौशल विकास व स्टार्टअप-इनक्यूबेशन के सेंटर के रूप में विकसित करेगा। विवि प्रशासन इस केंद्र को उपयोगी बनाने की रूपरेखा तैयार कर रहा है क्योंकि यहां सामान्य कोर्स में विद्यार्थियों का रुझान अपेक्षाकृत कम है।

विवि की मुख्य प्रवेश काउंसिलिंग समाप्त हो चुकी है। इसमें नोएडा कैंपस में चल रहे बैचलर ऑफ डिजाइन (बीडेस) व मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) कोर्स में अपेक्षाकृत काफी कम प्रवेश हुए हैं। ऐसे में विवि ने अब इस कैंपस को कौशल विकास व स्टार्टअप, इनक्यूबेशन सेंटर के रूप में विकसित करने पर काम शुरू कर दिया है। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि नोएडा औद्योगिक इकाइयों का केंद्र है।

विवि प्रशासन मौजूदा जरूरत के अनुसार करेगा बदलाव

रजत जयंती वर्ष का बनेगा लोगो

एकेटीयू अपना रजत जयंती वर्ष समारोह मना रहा है। इस क्रम में विवि अपना रजत जयंती वर्ष का लोगो तैयार करने की कवायद शुरू की है। इसके लिए विद्यार्थियों के बीच लोगो बनाने की प्रतियोगिता कराई जा रही है। रजिस्ट्रार रीना सिंह ने सभी संबद्ध कॉलेजों के विद्यार्थियों से 30 सितंबर तक इनोवेटिव डिजाइन वाला लोगो बनाकर भेजने को कहा है। इसमें तीन चयनित लोगो बनाने वालों को क्रमशः 10, 8 व 5 हजार रुपये का पुरस्कार भी दिया जाएगा।

इसे देखते हुए विवि मौजूदा जरूरत के हिसाब से यहां स्किल व स्टार्टअप से जुड़ी चीजों पर काम करेगा। इसके लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है।